## सार-समाचार

### डिस्ट्रिक्ट क्लब में गरबा किया

**पाली**, (नि.सं.)। डिस्ट्रिक्ट क्लब पाली नवरात्रि के पावन पर्व पर गरबा डांडिया का आयोजन किया गया क्लब सदस्यों व उनके परिवार सदस्यों के लिए कार्यक्रम रखा। डिस्ट्रिक्ट क्लब सचिव राजेन्द्र सुराणा ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट गरबा पंडाल को आकर्षक लाईट से सजावट की गई व हाई-फाई साउंड सिस्टम लगाया गया। राजस्थान की बेस्ट डीजे कशिका राठौड़ के द्वारा गुजराती सोंग बोलीवुड सोंग के सोंग पर सभी ने माता जी के सामने गरबा नृत्य किया। सर्वप्रथम मां अम्बे की आरती की सभी अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम मेंसादर प्रकाश नार्थ डिस्ट्रिक्ट क्लब पाली नवरात्रि के पावन पर्व पर गरबा डांडिया का आयोजन किया गया। क्लब सदस्यों व उनके परिवार सदस्यों के लिए कार्यक्रम रखा। डिस्ट्रिक्ट गरबा पंडाल को आकर्षक लाईट से सजावट की गई व हाई-फाई साउंड सिस्टम लगाया गया। सभी ने माता जी के सामने गरबा नृत्य किया। सर्वप्रथम सभी अतिथियों मां अम्बे की आरती की। कार्यक्रम में जिला रेंज डीआईजी प्रदीप मोहन शर्मा, जिला कलेक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त संभाग आयुक्त हरफूल सिंह यादव,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विपिन कुमार शर्मा, विधायक भीमराज भाटी, दिलीप परिहार पीडब्ल्यूडी, यशपाल सिंह कुंपावत राजु भाई मेडतीया प्रवीण गादीया , सुनिल पोरवाल ने की कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने बड़े उत्साह से गुजराती सोंग गरबा नृत्य किया सभी सदस्यों के विषेश पुरस्कार रखें गए लक्की ड्रा, बेस्ट कपल , बेस्ट चाईल्ड , बेस्ट मेन , बेस्ट वुमन का खिताब दिया गया। कार्यक्रम में हाउजी खेल का आयोजन किया कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट क्लब डारेक्टर राजेन्द्र कवाड विमल मुंदड़ा , नितिन चोपड़ा,प्रदीप सांड, चन्द्र प्रकाश बिसावा, राजेश पाटनेचा , मुकेश नाहर , मुलचंद संखलेचा, सत्यनारायण सिंह, शेर सिंह, दिनेश पंवार, नथुसिंह परिहार , अरविंद डोसी अमित गेमवात सुनिल वढेरा, अजय मेहता अशोक पंवार अरुण दायमा , कमलेश मेवाड़ा मनिष जैन आदि का सहयोग रहा।

### जीनगर समाज का संघ नागाणा रवाना

**बालोतरा**, (नि.सं.)। जीनगर समाज का नागाणा पैदल यात्रा संघ बालोतरा शहर से बुधवार सुबह नागाणा के लिए पैदल यात्रियों का जत्था रवाना हुआ। नागाणा रवाना होने से पहले पैदल यात्रियों ने पूजा अर्चना की। उसके बाद जयकारे लगाते हुए गाजे बाजे के साथ सुबह 6 बजे संघ रवाना हुआ। यह जत्था 2 दिन में नागाणा पहुंचेगा। 14वी पैदल यात्रा रवाना हुई। इस यात्रा का उद्देश्य सामूहिक रूप से भक्ति और श्रद्धा प्रकट करना होता है। इस तरह के आयोजन से समाज में एकता, भाईचारा और धार्मिक समर्पण की भावना को बढ़ावा मिलता है। पैदल संघ के दौरान सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन, धार्मिक चर्चाएं स्थानीय संस्कृति का आदान-प्रदान होता है। पुजारी गुमना राम राठौड़ ने जानकारी दी कि नागाणा धाम में स्थित देवी, राठौर गोत्र की कुलदेवी हैं। राठौर गोत्र के लोग हर वर्ष श्रद्धापूर्वक इस कुलदेवी के दर्शन के लिए पैदल संघ लेकर जाते हैं। यह यात्रा धार्मिक आस्था और परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें समाज के लोग मिलकर कुलदेवी की पूजा-अर्चना करते हैं और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यह वार्षिक संघ राठौर समाज के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसे देवी के प्रति समर्पण और कृतज्ञता प्रकट करने का एक माध्यम माना जाता है। जत्था थोब रेवाड़ा कल्याणपुर से होते हुए नागणेची माता दर्शन कर धोक लगाएंगे। इस अवसर पंर सीनियर नर्सिंग ऑफिसर मगराज राठौड़, मेवाराम राठौड़, गोपाल राठौड़, घासू राम राठौड़, प्रभु राम राठौड़, हरिराम राठौड़, लक्ष्मीचंद राठौड़, पृथ्वीराज राठौड़, राकेश, दिलीप, गणपत, सुरेश, रमेश, भावेश, भरत, आदि जीनगर समाज के सदस्य मौजूद रहे।

### तम्बाकू सेवन नहीं करने की शपथ ली

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार की और से तम्बाकू सेवन से होने वाली अकाल मृत्यु को रोकने व इसके दुष्प्रभावों के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए प्रदेश में टोबेको फ्री यूथ कैपेंन 2.0 शुरू किया गया है। जिसके लिए चिकित्सा विभाग की टीम, ग्राम विकास व पंचायतीराज विभाग, महिला एवं बाल अधिकारिता विभाग, शिक्षा विभाग के साथ मिलकर अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमाशंकर भारती ने बताया कि टोबेको फ्री यूथ कैपेंन 2.0 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला व ब्लॉक स्तर पर बैठक का आयोजन किया जा चुका है। जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव एवं तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भजनाराम विश्नोई ने बताया कि टोबेको फ्री यूथ कैपेंन 2.0 के तहत जिले में 60 दिवसीय कार्ययोजना बनाई गई है। जिसके तहत तम्बाकू मुक्त ग्राम, तम्बाकू मुक्त विद्यालय, तम्बाकू मुक्त आंगनबाडी केन्द्र करने के लिए संबधित कार्मिक को गतिविधियों के आयोजन करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी संदर्भ में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ओडवाड़ा में जागरूकता गतिविधि का आयोजन कर विद्यार्थियों को तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया एवं तम्बाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई गई।

### टैबलेट पाकर बच्चों के  खिले चेहरे

**जोधपुर**, (कास)। शहर में अलग-अलग स्कूलों में प्रतिभावान विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा परिणाम के आधार पर डिजिटल युग में बेहतर अवसर देने के लिए राजस्थान शिक्षा विभाग द्वारा टैबलेट वितरित किए गए। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय चैनपुरा में बुधवार को कक्षा 8, 10 एवं 12 के बेहतरीन बोर्ड परीक्षा परिणम देने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा प्राप्त 27 टैबलेट वितरित किए गए। समारोह में भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा महामन्त्री लीलावती भाटी एवं विद्यालय के एसडीएमसी सदस्य जगन्नाथ गहलोत ने उपस्थित विद्यार्थी को जीवन में और अधिक परिश्रम करने एवं इसी प्रकार विद्यालय एवं अपने गुरुजनों का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। प्रधानाचार्य निमेश चारण ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन रामनिवास गौड़ एवं डॉ.आशा भाटी द्वार किया गया। मयूरिका ने कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालीबेरी की प्रधानाचार्य गायत्री बोहरा ने बताया कि इस योजना के तहत विद्यालय के नौ प्रतिभावन विद्यार्थियों को फ्री टैबलेट दिए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता मोहसिन खान ने किया। विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य हिम्मतसिंह सांखला, करणसिंह कच्छवाहा, पार्षद भंवरलाल की उपस्थिति में फ्री टैबलेट वितरित किए गए। अंत में प्रधानाचार्य गायत्री बोहरा ने आभार व्यक्त किया।

### सामराऊ में मंगल भवन का लोकार्पण कल

**जोधपुर**, (नि.सं.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर शुक्रवार को दोपहर 1:15 बजे ग्राम पंचायत सामराऊ के नवनिर्मित मंगल भवन का लोकार्पण करेंगे। ग्राम पंचायत सामराऊ की सरपंच कांता कंवर पर्वत सिंह भाटी ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता सांसद पाली पीपी चौधरी करेंगे व विशिष्ट अतिथि विधायक ओसियां भेराराम सियोल, विधायक शेरगढ़ बाबू सिंह राठौड़, विधायक फलोदी पब्बा राम विश्नोई, पूर्व राज्य बीज निगम के अध्यक्ष शंभू सिंह खेतासर, प्रधान ओसियां बदन कंवर, मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा व उद्यमी महेंद्र सिंह भाटी, जिला अध्यक्ष जगराम बिश्नोई व देहात जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह भेड़ व पूर्व सरपंच सवाई सिंह सामराऊ होंगे।

### सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की बैठक हुई

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग एवं सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलैक्टर कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने समितियों के गठन की बात कहते हुए राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत गोपाल किसान क्रेडिट कार्ड योजना में पात्र पशुपालकों को ऋण वितरण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कस्टम हायरिंग एवं गोदाम निर्माण की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सहकारी समितियां उप रजिस्ट्रार सुनील वीरभान, बैंक प्रबंधक महेन्द्र सिंह राव व निरीक्षक जमना मेघवाल उपस्थित रहे।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म की जानकारी दी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। साइबर झांसों से बचने के लिए डिजिटल लिट्रेसी जागरूकता कार्यक्रम में प्रोजेक्ट को-ओडिनेटर खुशबू दाधिच ने विद्यार्थियों को डिजिटल लिट्रेसी के महत्व और उपयोगिता के बारे मे जागरूक किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों का डिजिटल तकनीकी और संशाधनों के सही उपयोग के बारे में जानकारी देना है। जिससे आधुनिक तकनीकी का सही और सुरक्षित उपयोग कर सकें।विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा व ऑनलाईन संशाधनों का उपयोग और इन्टरनेट के लाभ और चुनोतियों के बारे में महत्तवपूर्ण जानकारी दी गई।

# पाली में चिकित्सा टीम को तीन रेस्टोरेंट पर मिली अनियमितताएं

■ पाली में चिकित्सा विभाग की टीम ने सी.एम.एच.ओ. डॉ. विकास मारवाल के नेतृत्व में रेस्टोरेंटों का निरीक्षण किया

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में चिकित्सा विभाग की टीम ने सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल के नेतृत्व में बुधवार को शहर में तीन रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इन रेस्टोरेंट में एक्सपायरी डेट का जूस, चटनी समेत खाद्य सामग्री मिलने पर नष्ट करवाई गई। वहीं टीम ने साफ-सफाई को लेकर चेतावनी भी दी।

जानकारी के अनुसार सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि चिकित्सा विभाग को शिकायत मिली थी कि पाली शहर में संचालित हो रहे रेस्टोरेंट एवं कैफे में जूस पीने से उनकी तबीयत खराब हुई। इस पर चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम के साथ पाली शहर के ज्योतिबा फुले सर्किल के पास स्थित कोफिया कैफे, प्राइम और बॉर्डर 1947 कैफे का निरीक्षण किया।

सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह इंदा ने इन कैफै सेंटरों की जांच की। जांच के दौरान टीम को जूस, चटनी एक्पायरी डेट के मिले तो कुछ खाद्यान सामग्री में फंगस लगी मिली। साथ ही रसोई घर में पर्याप्त साफ-सफाई नहीं मिली। बॉर्डर 1947 कैफे में फ्रिज ही बंद पड़ा मिला। तीनों कैफे में एक्सपायरी डेट की मिली खाद्यान सामग्री को रेस्टोरेंट संचालक से ही नष्ट करवाकर बाहर फिंकवाया। इस दौरान तीनों रेस्टोरेंट संचालकों को सख्त हिदायत दी कि भविष्य में एक्सपायरी की खाद्यान सामग्री मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल ने कैफे व रेस्टोरेंट संचालकों से अपील कर बताया कि वे ग्राहकों को शुद्ध और अच्छी खाद्यान सामग्री उपलब्ध करवाएं क्योंकि ग्राहक भगवान का रूप होता है, साथ ही कम गुणवत्ता वाली और एक्सपायरी डेट की खाद्यान खिलाना भी कानून अपराध है

### त्यौहारी सीजन में मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान

त्यौहारी सीजन को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान चलेगा।

अभियान को व्यापक रूप देने के लिए सभी जिला कलेक्टर को पत्र लिखा गया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए दूध, पनीर, मावा व इनसे बनी मिठाइयों, घी, तेल, मसाले आदि के उपयोग में वृद्धि के कारण मिलावट की आशंका बनी रहती है। इसे देखते हुए आमजन को शुद्ध एवं मानक स्तर की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक मिलावट के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर को आवश्यक कदम उठाने के लिए पत्र लिखा गया है। जिसमें बताया कि दीपावली के त्योहार तक नियमित रूप से मिलावट के खिलाफ कार्यवाही किए जाने का आग्रह किया गया है। पत्र में लिखा कि अभियान का संचालन जिला स्तरीय प्रबंधन समिति के निर्देशन में किया जाए। गुणवत्तापूर्ण तरीके से नमूने लेते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों की जब्ती एवं नष्टीकरण की कार्यवाही अमल में लाई जाए। साथ ही खाद्य पदार्थों के व्यापारियों को जागरूक किया जाए कि वे आमजन को दूध, पनीर, मावा एवं इनसे निर्मित मिठाइयों में शुद्धता एवं गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। मिठाइयां बनाने की प्रक्रिया में हाइजीन एवं साफ-सफाई का भी समुचित ध्यान रखा जाए।

आयुक्त खान ने बताया कि विशेष अभियान के तहत जिलों में डिकॉय ऑपरेशन संचालित करते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने एवं बनाने वालों पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। आदतन मिलावटखोरों की सूची तैयार कर अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कठोर कार्रवाई प्रारम्भ करने के निर्देश भी पत्र में दिए गए हैं। जिलों में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संख्या के अनुसार अधिक से अधिक दलों का गठन कर नमूनीकरण एवं निरीक्षण की कार्यवाही की जाएगी। मिलावट से बचाव एवं जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

### वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

**जालोर**, (कासं)। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) द्वारा वित्तीय शिक्षा संदेशों का प्रचार किये जाने के लिए अग्रणी बैंक कार्यालय जालोर द्वारा बुधवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जालोर में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन कर नुक्कड़ नाटक व वीडियो क्लिप के माध्यम से वित्तीय शिक्षा के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

शिविर में जिला अग्रणी बैंक के मुख्य प्रबंधक रमेश कुमार ने छात्रों को बचत का जीवन में महत्व, बचत खाता खोलने के लाभ, भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ, रूपे कार्ड, डिजिटल लेनदेन, साइबर क्राइम, एसएमएस अलर्ट, वॉट्सएप बैंकिंग एस.बी.आई. व वित्तीय एवं डिजिटल प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने एटीएम कार्ड का सावधानी से प्रयोग करने, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाईल फोन चार्ज न करने, प्रधानमंत्री जनधन जमा योजना की जानकारी दी। सहायक अर्जुन परिहार ने जागरूकत करते हुए किसी भी प्रकार की वित्तीय धोखाधड़ी होने पर तुरन्त बैंक शाखा से सम्पर्क करने तथा टोल फ्री नंबर 14448 व 1930 एवं सीएमएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाक नुकसान से बचे जाने के बारे में जानकारी दी गई। फील्ड कॉर्डिनेटर भावेश ने खेल के माध्यम से वित्तीय बचत के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरपत कुमार जीनगर, अशोक कुमार खटीक, भगाराम पटेल, गोपाराम, हितेन्द्र सिंह, नरेन्द्र पंवार, महेन्द्र कुमार सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भीनमाल में थाइलैंड की दो युवती सहित कई गिरफ्तार



जालोर जिले के भीनमाल पुलिस ने स्पा सेंटर पर कार्रवाई की। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के भीनमाल पुलिस ने बुधवार को स्पा सेंटर की आड़ में अनैतिक कृत्य करते चार युवक व चार युवतियाँ गिरपतार किया।

जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिला हाजा में चलाये जा रहे संदिग्ध गतिविधियाँ में लिप्त अपराधीयों की धरपकड़ अभियान के मध्यनजर पुलिस ने भीनमाल में जुजाणी रोड पर स्थित मिलन स्पॉ सेंटर पर भारतीय युवक तथा भारतीय व विदेशी युवतियों द्वारा अनैतिक कार्य करने की सुचना मिलने पर थानाधिकारी भीनमाल मय जाब्ता द्वारा कस्बा भीनमाल में जुजाणी रोड पर स्थित स्पॉ सेंटर पर दबिश देकर संदिग्ध गतिविधियों व अनैतिक कार्य में लिप्त होने की संभावना के मध्यनजर गैरसायलान चार युवक व चार युवितयाँ को गिरफतार किये गये है।

### सीढ़ियों से गिरे युवक की मौत

**जोधपुर**, (कास)। शहर के सूरसागर स्थित कालीबेरी बेलदार बस्ती में एक युवक अपने घर की सीढ़ियों से स्लीप होकर गिर गया। घायलावस्था में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उसकी बाद में मौत हो गई।

सूरसागर पुलिस ने बताया कि बेलदार बस्ती काली बेरी सूरसागर निवासी मुमताज की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका पति रज्जाक खां घर की सीढ़ियों से अचानक स्लीप होकर गिर गया था।

वहीं मथानिया थाने में नागौर के भावण्डा के शिल गांव निवासी सुरेन्द्र पुत्र मालमराम नट ने पुलिस को बताया कि 7 अक्टूबर की रात्रि के समय उसके भाई मनोहर नट की शराब सेवन से अचानक तबीयत बिगड़ गई। तब परिजन उसे मथानिया चिकित्सालय लेकर गए। वह बच नहीं पाया। पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजन को सौंपा।

# गर्भवती महिलाओं को फ्री सोनोग्राफी वाउचर दिए

**जालोर**, (कासं)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर बुधवार को जिले के चिकित्सा संस्थानो में गर्भवती महिलाओं को मां वाउचर योजना के तहत निजी सोनोग्राफी केन्द्रो पर फ्री सोनोग्राफी जांच करवाने के वाउचर जारी किये गए

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमाशंकर भारती ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर जिले के ऐसे चिकित्सा संस्थान जहां सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं, वहां गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी जांच के लिए मां वाउचर योजना के तहत निजी सोनोग्राफी केन्द्रों पर फ्री सोनोग्राफी करवाने के लिए वाउचर जारी किए गए। इस योजना में प्रसूति महिलाओं को सोनोग्राफी की सुविधा बिल्कुल निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक चरण सिंह ने बताया कि मां वाउचर योजना का लाभ प्रति महीने की 9, 18 और 27 तारीख को मातृत्व दिवस पर राजस्थान राज्य के सरकारी चिकित्सा संस्थानों में आने वाली लाभार्थी गर्भवती महिलाओं को दिया जाएगा।

इससे महिलाएं बिना पैसों की चिंता के समय पर अपना अल्ट्रासाउंड करा सकेंगी। इस योजना के जरिए राज्य में गरीब तबके की गर्भवती महिलाओं में अपने स्वास्थ्य को लेकर एक सजगता और उत्साह बढ़ेगा।

मां वाउचर योजना से राज्य में मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी, याजना से कमजोर मां और बच्चे को समय पर सही दवा और सही इलाज मिल सकेगा और महिला और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य की देख रेख समय पर हो सकेगी।

उन्होंने बताया कि मां वाउचर योजना में 14 सप्ताह और उससे अधिक की गर्भवती महिलाएं निशुल्क सोनोग्राफी करा सकती है।

इस योजना का लाभ उठाने के लिए गर्भवती महिलाओं को जन आधार कार्ड और उसमें रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर वाला फोन चिकित्सा संस्थान पर जाते समय अपने साथ लेकर जाना होगा। मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से वाउचर जारी करने के लिए आपके मोबाइल पर ओटीपी का उपयोग किया जाएगा, जो की अधिकतम 30 दिनों के लिए वैध रहेगा।

### नीलगाय आने से बाइक गिरी, महिला की मौत

**जोधपुर**, (कास)। शहर के निकटवर्ती गंगाणी गांव में अपने खेत की तरफ जा रहे दंपति की बाइक नील गाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर स्लीप हो गई। हादसे में घायल दंपति में महिला की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। इस बारे में पति की तरफ से करवड़ थाने में रिपोर्ट दी गई।

करवड़ स्थित गंगाणी निवासी भगाराम पुत्र बस्तीराम मेघवाल ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। इसमें वह अपनी पत्नी श्रीमती रूपी देवी के साथ बाइक पर खेत की तरफ जा रहा था। तब रास्ते में अचानक आई नील गाय को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर स्लीप हो गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। उसकी पत्नी रूपी देवी की उपचार के बीच मौत हो गई। करवड़ पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया।

# बाड़मेर में टीना डाबी के निर्देंशन में सफाई, सड़कें चमाचम नजर आई

**बाड़मेर**, (निसं)। नवो बाड़मेर अभियान के तहत बुधवार को चामुंडा चौराहे एवं चौहटन चौराहे तक हाइवे की सर्विस लाइन पर सफाई अभियान चलाया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों की अगुवाई में चले इस अभियान में नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों के साथ स्थानीय दुकानदारों की सक्रिय भागीदारी रही। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने भी मौके पर पहुंचकर सफाई अभियान का जायजा लेने के साथ आमजन से नवो बाड़मेर में अपनी भागीदारी निभाने एवं बाहर कचरा नहीं फैकने की अपील की। नवो बाड़मेर के तहत बुधवार को प्रातः 7 बजे से मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी, अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजैन्द्रसिंह चांदावत,यूआईटी सचिव श्रवणसिंह राजावत, उपखंड अधिकारी वीरमाराम, आयुक्त विजयप्रतापसिंह, जिला रसद अधिकारी कंवराराम, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक सोमेश्वर देवडा, आयोजना अधिकारी नखताराम, कृषि विभाग के उप निदेशक डा.आर.बी.सिंह, विकास अधिकारी अतुल सोलंकी, अधिशाषी अभियंता राजेन्द्रसिंह समेत विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देशन में सफाई अभियान की शुरूआत हुई। जिला कलैक्टर टीना डाबी के निर्देशानुसार पूर्व में निर्धारित इलाकों में प्रशासनिक अधिकारियों ने सफाई का जिम्मा संभालते हुए हाइवे की दोनों तरफ सर्विस लाइन पर सफाई के कार्य को अंजाम दिया। सफाई कर्मचारियों के सड़क एवं पटरियों के किनारे बिखरे कचरे, रेत एवं झाड़ियों की सफाई की। जरूरत के अनुंसार जेसीबी भी काम में ली। मौके पर सफाई के साथ टैक्टरों एवं ट्रक से कचरा हटवाया गया। स्थानीय दुकानदारों से सर्विस लाइन पर सामान वगैरह रखकर अतिक्रमण नहीं करने का अनुरोध किया। कुछ स्थानों पर सर्विस लेन पर रखे सामान को हटवाते हुए संबंधित को भविष्य में ऐसा नहीं करने के लिए पाबंद किया। जिला प्रशासन एवं नगर परिषद की सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए कई दुकानदार भी नवो बाडमेर में सहयोग के लिए आगे आए।

जिला कलैक्टर टीना डाबी ने चामुंडा चौराहे से चौहटन चौराहे तक चलाए गए सामूहिक श्रमदान एवं सफाई अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई अभियान में जुटे अधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करने के साथ दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों ने सफाई अभियान में सहयोग करने का अनुरोध किया।

## सार-समाचार

### दलजीत सिंह चौधरी जोधपुर पहुंचे

**जोधपुर**, (कास)। सीमा सुरक्षा बल का 60वां स्थापना दिवस एक दिसम्बर को राजस्थान फ्रंटियर मुख्यालय के सहायक प्रशिक्षण केन्द्र में मनाया जाएगा। इस समारोह की तैयारियां शुरू हो गई है। तैयारियों का जायजा लेने के लिए सीमा सुरक्षा बल नई दिल्ली के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी अपने दो दिवसीय अधिकारिक दौरे पर जोधपुर पहुंचे। उन्होंने परेड ग्राउण्ड में की जाने वाली तैयारियों का जायजा लिया और समय पर सभी तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बीएसएफ नई दिल्ली के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी का जोधपुर पहुंचने पर राजस्थान फ्रंटियर के महानिरीक्षक एमएल गर्ग द्वारा स्वागत किया गया। महानिदेशक ने सीमा सुरक्षा बल फ्रंटियर मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर सामरिक सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में गहन विचार-विमर्श किया। उन्होंने मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए और सीमा सुरक्षा बल को मजबूत करने के लिए दृढ़ उपायों को लागू करने तथा अभिनव पहलों की आवश्यकता पर बल दिया। महानिदेशक अपने दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को सीमावर्ती दुर्गम क्षेत्र जैसलमेर का भी दौरा करेंगे तथा सरहद की सुरक्षाओं का जायजा लेकर तैनात जवानों से मुलाकात करेंगे।

### वरिष्ठ नागरिकों की रेल 14 को जायेगी

**जोधपुर**, (कास)। राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2024 के अन्तर्गत एक विशेष रेलगाड़ी 14 अक्टूबर को बीकानेर से रामेश्वरम् के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन बीकानेर रेलवे स्टेशन से दोपहर 1.30 बजे प्रस्थान करेगी और वाया भगत की कोठी (जोधपुर) और जवाई बांध स्टेशन होते हुए रामेश्वरम् पहुंचेगी। इस यात्रा में बीकानेर रेलवे स्टेशन से 230, भगत की कोठी से 300, और जवाई बांध स्टेशन से 250 यात्री शामिल होंगे। कुल 780 यात्री इस तीर्थ यात्रा में भाग लेंगे। यात्रियों को समय पर स्टेशन पहुँचने और समस्त प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सूचना दी जा रही है। सहायक आयुक्त ओमप्रकाश पालीवाल ने बताया कि यात्रियों को प्रस्थान स्थल पर रिपोर्ट करने के लिए समय निर्धारित किया गया है। बीकानेर एवं चूरू जिले के यात्री सुबह 8 बजे बीकानेर रेलवे स्टेशन पर, जोधपुर डिवीजन के यात्री दोपहर 1 बजे भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पर और दोपहर 2 बजे जवाई बांध स्टेशन पर रिपोर्ट करेंगे।यात्रा के दौरान 8 दिनों तक आवास, भोजन आदि की व्यवस्थाएं पूरी तरह से देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

### केशवना में किसान चौपाल आयोजित

**जालोर**, (कासं)। कृषि विज्ञान केंद्र केशवना द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत केशवना में किसान चौपाल का आयोजन किया गय जिसमें वैज्ञानिकों ने किसानों की खेती से सम्बंधित समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान किया। प्रसार शिक्षा विशेषज्ञ मति सुमन शर्मा ने मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण विषय पर किसानों से चर्चा कर जालोर जिले की मुख्य फसल बाजरा पर मूल्य संवर्धन पर जोर देने के साथ ही बाजरा से बनने वाले विभिन्न उत्पादों के बारे में किसानों को जानकारी दी। उन्होंने महिला .षकों को बाजरा के बिस्किट बनाकर अपना उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। चौपाल में तकनीकी सहायक नाहर सिंह देवड़ा ने किसानों को पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने किसानों को जैविक खेती व वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। किसान चौपाल में किसानावें की खेती से सम्बंधित समस्याओं को सुनकर उनके उचित समाधान बताए गए। कार्यक्रम में .षि विश्वविद्यालय जोधपुर के विद्यार्थी कुलदीप सिंह, कैलाश, कन्हैयाराम व रमेश देवासी आदि का सहयोग रहा।

### जैसलमेर में गरबा महोत्सव की धूम

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। शारदीय नवरात्र को लेकर इन दिनों जैसलमेर में माता के भक्त तरह-तरह के आयोजन कर रहे है। मंदिरों में महोत्सव को लेकर खास सजावट की गई है। गरबा पंडाल में भी श्रद्धालुओं की जमकर भीड़ नजर आ रही है। शहर में विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं व संगठन की ओर से गरबा महोत्सव मनाया जा रहा है। इसमें गुजराती,राजस्थानी में माता के भक्ति गीतों पर महिलाएं, बालिकाएं व युवा जमकर गरबा कर रहे हैं। शाम होते ही मोहल्लों में गुजराती गीतों की गूंज सुनाई देने लगती है। बच्चों से लेकर बड़े तक रंग- बिरंगे परिधान में हिस्सा लेकर डांडिया खनका रहे है। गरबा पंडाल में भी अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। गरबा पंडाल को भी आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। शाम होते ही पंडाल में स्थापित माता की प्रतिमा के समक्ष आरती व पूजन के बाद गरबा नृत्य शुरू हो जाता है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी गरबा महोत्सव की धूम है। इंदिरा कॉलोनी में शाम होते ही परंपरागत वेशभूषा में माता की पूजा अर्चना आरती कर महिलाएं और बालिकाएं विशेष रूप से सज-धज कर डांडियों के साथ पंडाल में उपस्थित होकर नृत्य करती हुई नजर आ रही है।

### रेलकर्मियों ने प्रदर्शन किया

**जोधपुर**, (कास)। उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ वर्कशॉप शाखा की ओर से ओपीएस लागू करने और वर्कशॉप में रेलकर्मियों के समक्ष आ रही परेशानी को लेकर गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन किया गया। वर्कशॉप शाखा सचिव मोहम्मद आमिन ने कहा कि रेलकर्मियों को एनपीएस और यूपीएस नहीं ओपीएस चाहिए। केंद्र सरकार ने यूपीएस के नाम पर रेलकर्मियों को भ्रम में रखा है। जिसे एन एफआईआर कभी स्वीकार नहीं करेगी और ओपीएस लागू करना ही होगा। उन्होंने रेलवे वर्कशॉप में पीने के पानी, समान की कमी होने के कारण एक गाड़ी से खोलकर दूसरी गाड़ी में लगाने के कारण रेलकर्मियों को हो रही परेशानी की ओर रेलवे प्रशासन का ध्यान दिलाया। गेट मीटिंग को रवि शर्मा, हीरालाल आभानेरी, सुमित कल्ला, अनिल व्यास, दिनेश कुमार ने संबोधित किया।

### दो लोगों पर गौवंश को मारने का केस

**जोधपुर**, (कास)। मथानिया क्षेत्र में गौवंश पर धारदार हथियार से हमला कर मारने का प्रकरण दो लोगों पर दर्ज कराया गया है। पुलिस ने अब नामजद लोगों के खिलाफ तफ्तीश आरंभ की है। फिलहाल आरोपी हाथ नहीं लगे है। मथानिया पुलिस के अनुसार बिजली घर के पास बालरवा निवासी पुखराज पुत्र अर्जुनराम माली ने यह रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 3 से 7 अक्टूबर के बीच में सुमेरलाल और अशोक नाम के दो शख्स ने गांव में एक गौवंश पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। जिसके बाद गौवंश की मौत हो गई।

### बीमारियों से बचाव पर चर्चा की

**बाप**, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय बाप में राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को योगा, मेडिटेशन एवं पोषण जागरूकता पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

प्रभारी सहायक आचार्य डॉ. योगेश शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड की जिंदगी में युवा पीढी पाश्चात्यकरण की चकाचौंध में अपने शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पा रही है, जिस कारण युवा तनाव, ब्लडप्रेशर और सर दर्द जैसी समस्याओं के शिकार हो रहे हैं। इस वजह से हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। डॉ. शर्मा ने कहा कि संतुलित भोजन की जगह हम डिब्बा बन्द प्रोसेसिंग फूड यथा चिप्स, बिस्किट कुरकुरे आदि को महत्व देने लगे हैं। नींबू पानी, रबडी की जगह हम कोल्ड ड्रिंक पीने को अपनी शान समझने लगे हैं। यही स्थिति बनी रही तो दूरगामी परिणाम स्वास्थ्य पर पडेगा। बेहतर जीवन के लिए इनका त्याग कर सात्विक भोजन पर जोर देना चाहिए।


**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JODHPUR BENCH, JODHPUR**

S.B./D.B. CIVIL WRIT PETITION NO....... / 2024

Application under Rule 159 of The Rajasthan High Court Rules for entering into

**CAVEAT**

**MAY IT PLEASE YOUR LORDSHIPS:-**

Your Lordship's humble applicants want to enter into caveat under Rule 159 of The Rajasthan High Court Rules and let nothing be done till the applicants are heard in the matter.

The particulars of the S.B./D.B. Civil Writ Petition which is likely to be filed are given below:-

The S.B. / D.B. Civil Writ Petition may be filed by the following persons:-

Any Person

The S.B. / D.B. Civil Writ Petition is likely to be filed against:-

1. Vice Chancellor, Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner, Jaipur (Raj.)
2. Registrar, Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner, Jaipur (Raj.)
3. Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner, Jaipur (Raj.)

That the S.B./D.B. Civil Writ Petition is likely to be filed with regard to the **Advertisement No. SKNAU/Teaching/2024/02/1085 dated 07.10.2024 and Employment Advertisement No. SKNAU/Teaching/2024/02/1084 dated 07.10.2024** issued by The Registrar, Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner inviting applications against vacant posts of Professor (1)/ Associate **Professor (21)/ Senior Scientist & Head (3)** in in the University.

That Vakalatnama on behalf of the **Registrar, Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner, Jaipur (Raj.)** is submitted herewith.

It is, therefore, humbly prayed that nothing be done in the writ petitions till the applicants are heard.

Humble Applicant
Through his Counsel

Jodhpur
Dated ...............

**(Mahendra Singh Godara)**
**Raj. High Court, Jodhpur**
**M. No. 9829246316**

Raj.samwad/C/24/6362